**प्रेस नोट जनपद मुरादाबाद**

श्री सतपाल अंतिल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशन में अपराध व अपराधियों पर अंकुश एवं प्रभावी नियन्त्रण बनाये रखने हेतु आज दिनांक **08-10-2025** को जनपद मुरादाबाद से निम्न कार्यवाही की गयीः-

**1- थाना कटघऱ क्षेत्रांतर्गत पुराने विवाद को लेकर, एक युवक की गोली मारकर हत्या करने के प्रकरण में प्रकाश में आयें एक आरोपी को थाना कटघर पुलिस ने किया गिरफ्तार ।**

अवगत कराना है दिनांक 29.09.2025 को वादी श्री घनश्याम पुत्र स्व0 वीरपाल सिंह निवासी गुलाबबाडी चुंगी सूरजनगर पीतलनगरी थाना कटघर जनपद मुरादाबाद ने अभियुक्तगण द्वारा वादी के पुत्र शोभित की मोटर साईकिल नं0 UP 21 CW6087 को जबरन रोक लेना तथा रोककर माँ बहन की गन्दी गन्दी गाली देना तथा पहले हुये झगडे को लेकर जान से मारने की धमकी देना तथा अभियुक्त अक्कु शर्मा ने अभियुक्त अविनाश से फोन पर बात की तो अविनाश ने अक्कु शर्मा से कहा शोभित को गोली मार दे अभि0 अक्कु शर्मा द्वारा वादी के पुत्र शोभित की कनपटी पर गोली मारकर हत्या कर देना के सम्बन्ध में थाना कटघर पर तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर **मु0अ0सं0- 615/2025 धारा- 126(2)/103(1)/61(2)/352/351(3)/3(5) बीएनएस 2023 बनाम 1.अक्कू उर्फ अनुकलप शर्मा पुत्र मनोज शर्मा निवासी सूरजनगर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद हाल निवासी ग्राम मुस्तफाबाद थाना कटघर मुरादाबाद। 2-जतिन उर्फ लाला पुत्र सुरेश निवासी कच्ची बस्ती पीतलनगरी थाना कटघर मुरादाबाद। 03.अविनाश पुत्र राजेन्द्र सिंह निवासी पीतलबस्ती कात्यानी मन्दिर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद । 04.रोहित पुत्र विजय सिंह निवासी बसन्तबिहार बल्देवपुरी पीतलबस्ती थाना कटघर मुरादाबाद।** पंजीकृत किया गया। उपरोक्त मुकदमें से संबंधित 04 अभियुक्तगणो को पूर्व में गिरफ्तार किया जा चुका है । उक्त संबंध में विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त आज दिनांक 08.10.2025 को उपरोक्त मुकदमें से संबंधित प्रकाश में आयें अभियुक्त हिमांशु को प्रभारी निरीक्षक श्री संजय कुमार थाना कटघर द्वारा मय हमराही पुलिसबल के आरोपी हिमांशु यादव पुत्र स्व0 सतवीर यादव निवासी ग्राम देहरी गाँव थाना कटघर जनपद मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया। अन्य निधिक कार्यावाही प्रचलित है।



**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

हिमांशु यादव पुत्र स्व0 सतवीर यादव निवासी ग्राम देहरी गाँव थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-**

1.प्रभारी निरीक्षक श्री संजय कुमार थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।

2.कां0 भूपेन्द्र कुमार थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।

3.कां0 मोनू कुमार थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।

## 2- घर में घुसकर मारपीट वजान से मारने की धमकी देने के आरोपी को थाना कटघर पुलिस ने किया गिरफ्तार।

अवगत कराना है कि दिनांक 06.10.2025 को वादिनी निवासनी थाना कटघर क्षेत्रान्तर्गत नें अभियुक्त द्वारा वादिनी के बहन के घर मे घुसकर वादिनी व वादिनी की बहन व जीजा के साथ गाली गलौच करना व चाकू से वार कर मारपीट करना व जान से मारने की धमकी देने के सम्बन्ध में थाना कटघर पर तहरीर दि तहरीर के आधार पर थाना कटघर पर मु0अ0सं0 632/25 धारा- 333/115(2)/118(1)/352/351(3) बीएनएस-2023 बनाम शहनावाज पंजीकृत किया गया। साक्ष्य संकलन के आधार पर उपरोक्त मुकदमें में धारा- 4/25 आर्म्स एक्ट की वृद्धि की गयी। विवेचनात्मक कार्यवाही के क्रम में आज दिनांक 08.10.2025 को थाना कटघर पुलिस द्वारा मुकदमा उपरोक्त में नामित/वांछित अभियुक्त शहनवाज पुत्र शाह मौहम्मद निवासी गली न0 9 जाहिद नगर थाना कटघर मुरादाबाद को गिरफ्तार किया गया अन्य विधिक कार्यवाही प्रचलित है।



**गिरफ्तार अभियुक्तः-**

शहनवाज पुत्र शाह मौहम्मद निवासी गली न0 9 जाहिद नगर थाना कटघर मुरादाबाद।

**बरामदगीः-**

एक अवैध चाकू बरामद।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः**

1.उ0नि0 गौरव राठौर थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।
2.है0कां0 देवेन्द्र कुमार थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।
3.कां0 पलक बलियान थाना कटघर जनपद मुरादाबाद।

**3- जनपदीय पुलिस द्वारा शांति व्यवस्था भंग करने में 15 व्यक्तियों को हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया।**

**अवगत कराना है कि वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुरादाबाद के निर्देशानुसार अपराध नियंत्रण, कानून एवं शान्ति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने हेतु चलाये जा रहे अभियान के अन्तर्गत जनपदीय पुलिस द्वारा 15 व्यक्तियों को संज्ञेय अपराध कारित करने से रोकने एवं परिशान्ति कायम रखने हेतु अन्तर्गत धारा-170/126/135 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 में हिरासत में लेकर माननीय न्यायालय भेजा गया।**

**शांति व्यवस्था भंग के आरोपीगण विवरणः-**

**थाना मझोला-11, थाना ठाकुरद्वारा-01, थाना पाकबडा-02, थाना भगतपुर-01**